तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025

11 नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत...


12 गली-गली में गूंजा छेरिक छेरा छेर छेरा, मांगने और...




## खबर संक्षेप



### ग्राम फूलडोंगरी में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ 4 से

**बालोद।** ग्राम करहीभदर से 5 किलोमीटर दूर स्थित फूलडोंगरी के हनुमान जी के मंदिर में आगामी 4 फरवरी से तीन दिवसीय श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 6 फरवरी को होगा। इस आयोजन के लिए मंदिर प्रांगण में बैठक आहुत की गई। बैठक में मंदिर के पुजारी के साथ विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रमुख रूप से चौलेश देशमुख, जितेन्द्र शर्मा, विक्रम सिंह राजपूत, जयंत साहू, राकेश साहू, द्वारिका भारद्वाज व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्री महावीर गौशाला में आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र बालोद द्वारा मकर संक्राति पर्व के अवसर पर 14 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार 11 बजे महाआरती की जाएगी। उसके बाद दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रांत संयोजक गौ सेवा गतिविधि धमतरी सुबोध राठी, गौ सेवी बालोद शंकर लाल श्रीश्रीमाल, समाजसेवी बालोद खेमजी भाई पटेल, गौ सेवी रायपुर अशोक सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम चिंगरी में मड़ई-मेला 22 को

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिंगरी में 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि 9 बजे राधा कृष्ण लोक कलाकार नाच पार्टी दुर्रे बंजारी जिला राजनंदगांव वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए ग्राम के चंद्रहास साहू एवं राजेश देशमुख ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मड़ई मेले में शामिल होने का आग्रह किया है।

### बालोद में पतंगोत्सव आज

**बालोद।** टुवानी फाउडेंशन के तत्वाधान में डॉ मोना टुवानी द्वारा पतंगोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक न्यू माहेश्वरी भवन गंजपारा बालोद में किया गया है। इसके तहत महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम व पुरूषों के लिए पतंगबाजी का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 3100 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1100 रूपये रखा गया है।

# सामुदायिक शौचालय में नल है पर पानी नहीं, जिम्मेदारों की लापरवाही से बिना उपयोग हो रहा जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत पलारी का कद बढ़कर अब नगर पंचायत पलारी हो चुका है। नगर पंचायत प्रशासन को ग्राम पंचायत कार्यकाल में कराए गए विभिन्न कार्यों में हुए भ्रष्टाचार एवं त्रुटिपूर्ण निर्माण कार्य को जनता के हित में उपयोग में लाने की एक बड़ी चुनौती होगी।

ग्राम पंचायत कार्यकाल में वर्तमान पंचायत द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया था। इस शौचालय का लोकार्पण तत्कालीन सांसद मोहन मण्डावी ने तीन साल पूर्व किया था। लेकिन, यह शौचालय बनने के बाद से आज तक कभी उपयोग में नहीं आया। इस शौचालय में नल तो लगे हैं, लेकिन पानी है ही नहीं है। इसी तरह शौचालय के दरवाजे टूटे हुए हैं। वहीं, पूरे शौचालय में गंदगी का आलम है। लेकिन, इतनी अव्यवस्था होने के बाद भी इस ओर पंचायत के जिम्मेदारों ने झांकना तक उचित नहीं समझा। इस तरह जिम्मेदारों की उपेक्षा व लापरवाही के कारण लाखों की लागत से बना यह शौचालय आज बिना उपयोग के ही टूटने-फूटने लगा है। इससे एक ओर जहां स्वीकृत राशि बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी ओर यहां की जनता भी अत्यावश्यक सेवा से दूर है और उन्हें सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**ग्राम पंचायत पलारी में तत्कालीन सांसद मोहन मण्डावी ने तीन साल पूर्व किया था लोकार्पण**




### खामियां छुपाने लगा दिया ताला

स्वास्थ्य केन्द्र के पास होने के कारण इस सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता बहुत ज्यादा थी, लेकिन पंचायत द्वारा किए गए त्रुटिपूर्ण निर्माण कार्य के कारण आमजनता इसका आज तक कभी उपयोग ही नहीं कर सकी। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि पंचायत द्वारा आज तक इसमें कभी पानी की व्यवस्था ही नहीं की गई। आरंभ में पंचायत द्वारा अपनी खामियों को छुपाने के लिए इसमे ताला लगा दिया गया था, लेकिन समाचार पत्र में खबर प्रकाशन के बाद इसका ताला तो खोल दिया गया, लेकिन पंचायत ने कभी इसे उपयोगी बनाने के लायक ही नहीं बनाया।



## जिले में राज्य शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर 31 जनवरी तक की जानी है धान खरीदी

# केवल 14 दिन में 20 हजार किसानों से खरीदना होगा 20 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए 20 हजार से अधिक किसान अब भी शेष हैं। उनसे 20 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी की जानी है, जबकि निर्धारित तिथि के अनुसार धान खरीदी के लिए अब मात्र 14 दिन ही शेष हैं। ऐसे में धान विक्रय के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग किसानों द्वारा की जा रही है।

जिले की 122 समितियों द्वारा 143 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 82 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। समितियों द्वारा अब तक 62 लाख 55 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें अब 20 लाख क्विंटल खरीदी प्रस्तावित है, जिसे 31 जनवरी तक पूर्ण करने की चुनौती है। वर्तमान में समितियां बफर लिमिट से अधिक धान होने के कारण जगह की कमी की समस्या से जूझ रही हैं। हालांकि बीते एक सप्ताह में धान का उठाव भी तेज गति से हो रहा है, फिर भी समितियों में जगह की कमी की समस्या के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है। समितियां अपने निर्धारित स्थल से बाहर जाकर किसानों या अन्य सरकारी भूमि पर खरीदी एवं भण्डारण कर रही हैं।



### 143 खरीदी केन्द्रों में 28 लाख क्विंटल से अधिक का धान जाम

वर्तमान में 143 खरीदी केन्द्रों में 28 लाख क्विंटल से अधिक का धान रखा हुआ है। वर्तमान में मिलरों द्वारा एवं संग्रहण केन्द्रों में धान का परिवहन किया जा रहा है। हालांकि मिलर्स का उठाव संतोषप्रद स्थिति में है, लेकिन संग्रहण केन्द्रों में नाममात्र का उठाव हो रहा है, जिसके कारण समितियों में धान जाम की स्थिति बनी हुई है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा एक सोची समझी योजना के तहत जानबूझकर संग्रहण केन्द्रों में परिवहन धीमी गति से किया जा रहा है।

**143 खरीदी केंद्र**

**कुल लक्ष्य**
82 लाख क्विंटल

**अब तक खरीदी**
62 लाख 55 हजार क्विंटल

**शेष**
20 लाख क्विंटल

### संग्रहण केन्द्रों में समितियों से जा रहे धान में शार्टेज

वहीं, विभिन्न समितियो से चर्चा के दौरान यह चौंकाने वाली जानकारी प्राप्त हुई है कि संग्रहण केन्द्रों में समितियों से जा रहे धान में सार्टेज आ रहा है। कई समितियों ने बताया कि यदि किसी गाड़ी में सार्टेज आता है, तो उसे संग्रहण केन्द्र में अंकित कर लिया जाता है, जबकि कई बार गाड़ियों में अधिक धान भी होता है, लेकिन उसे अंकित नहीं किया जाता और न ही सार्टेज धान में समायोजित किया जाता है। इससे लगभग सभी समितियां सार्टेज की आशंका से घिरी हुई हैं। इसके कारण कई समितियों में प्रभारियों द्वारा प्रभार से अलग होने की बात भी कही जा रही है, जबकि प्रशासन द्वारा उनसे दबाव पूर्वक कार्य कराने की बात भी समितियों में की जा रही है।

# बनने के सालभर बाद ही भवन में होने लगी टूट-फूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत शासकीय प्राथमिक बालक आश्रम धानापुरी में निर्मित अतिरिक्त कक्ष निर्माण के एक साल बाद ही टूटने फूटने लगा है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहा है।

- शासकीय प्राथमिक बालक आश्रम धानापुरी में अक्टूबर 2023 में हुआ है अतिरिक्त कक्ष निर्माण

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत शासकीय प्राथमिक बालक आश्रम धानापुरी में 12.3 लाख की लागत से दो अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया है। यह कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद द्वारा कराया गया है। कार्य स्थल पर लगे बोर्ड के अनुसार 9 अक्टूबर 2023 को कार्य पूर्ण हो चुका है। 12.3 लाख की लागत से आश्रम में मात्र 2 छोटे कमरे बनाए गए हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों में लगातार चर्चा व्याप्त है। वहीं, स्कूल भवन की छत अभी से टूटने लगी है, दीवारों में दरारें आ रही हैं। टूटती छत के नीचे आश्रम के 17 बच्चों को बैठाया जा रहा है, जो कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस दिशा मे विभाग की लापरवाही बच्चो को भारी पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि छत के टूटने एवं दीवारों में दरार आने की शिकायत शिक्षा विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी को की गई है, लेकिन शिकायत के महिनों बाद भी विभाग के जिम्मेदार आज तक भवन की स्थिति देखने नहीं पहुंचे हैं। ऐसा लगता है कि विभाग के जिम्मेदारों को किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है।

## चिखलाकसा नगर पंचायत में पीएम आवास योजना के तहत 270 का निर्माण हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चिखलाकसा नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कुल 337 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 270 आवास पूर्ण हो चुके हैं। यह कुल स्वीकृत आवास का 80 प्रतिशत है। शेष आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग उपअभियंता राकेश कुमार पाठक द्वारा की जा रही है। साथ ही, पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए किश्तों का समय पर भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, नगर पंचायत चिखलाकसा ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया है। इस योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हो रहे हैं। यह योजना स्थानीय निवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ▶▶|शेष पेज 11 पर

- योजना के तहत 337 आवास हुए हैं स्वीकृत




## हाईवा की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सराधुनवागांव महानदी पुल के पास हुई दुर्घटना**

**बालोद।** ग्राम तेलगुडा से बैगा काम कर बाइक से वापस लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को सराधुनवागांव महानदी पुल के पास अज्ञात हाईवा ने ठोकर मार दी। इस मामले में रविवार को चरामा थाने में अज्ञात हाईवा गाड़ी चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम घोटिया जिला बालोद निवासी खोमराज नुरूटी ने बताया कि रविवार को पिता नेमु नुरूटी के साथ भैया केशव निषाद के घर ग्राम सराधुनवागांव आये थे। सराधुनवागांव से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 टी.आर. 8630 भैय्या एवं पिता एवं सीजी 24 वी 2057 में मैं और मेरे दादा खिलावन निषाद के साथ बैठकर बैगा काम से ग्राम तेलगुड़ा गये थे। बैगा काम खतम होने के बाद वापस सराधुनवागांव आते समय दोपहर लगभग 1.35 बजे सराधुनवागांव महानदी पुल के पास मेरे भैय्या की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 टी.आर. 8630 को सराधुनवागांव की ओर से आ रही हाईवा गाड़ी के चालक ने तेज गति से चलाकर ठोकर मार दी। इससे मेरे भैया एवं पिता घायल हो गए। उन्हें 108 की सहायता से चारामा अस्पातल ले जाया गया, जहां इलाज कराया गया।

## जिलास्तरीय क्विज में सेजेस की छात्रा खुशी को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अंतर्गत गणित विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता बीआरसीसी कार्यालय डौंडी में किया गया। प्रतियोगिता में सेजेस कुसुमकसा की छात्रा खुशी विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

व्याख्याता तामसिंग पारकर भौतिक शास्त्र ने बताया कि विकासखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में गणित विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रश्नों को ▶▶|शेष पेज 11 पर




एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## अंचल में धूमधाम से पारंपरिक रूप में मनाया गया अन्न दान का पर्व छेरछेरा

# अब माई कोठी से धान कम और पैसे व चावल ज्यादा निकाले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ में दान का महापर्व छेर छेरा पूर्ण आत्मीय भाव के साथ सोमवार को घर-घर में मनाया गया। इस महान पर्व में खाली हाथ किसी के घर से कोई नहीं लौटता। किसान अपनी उपज बेचकर सुख संपन्नता के साथ परिवार का कुशल संचालन करते हैं। इसी बीच अपनी मेहनत की कमाई का कुछ अंश दान स्वरूप भेंट करने का श्री गणेश छेर छेरा पर्व पर करते हैं।

इस पर्व छोटे बड़े सभी गांव में घर घर जाकर छेर छेरा मांगते हैं। स्कूलों में अवकाश के कारण बच्चों की अच्छी खासी संख्या गांवों की गलियों में समूह में पर्व का दोहा पढ़ते हुए घर घर दस्तक देते है अनाज बिस्कुट चॉकलेट पैसा जो दान में मिले लेते हुए बड़ी फुर्ती से आगे बढ़ते हुए पूरे गांव को चंद घंटों में पूर्ण कर लेते हैं।





### अब कोठी की बात कहानी बन गई

95 वर्षीय रमेशर साहू ने कहा कि यह पर्व पूर्वजों से विरासत में मिला है, जो धर्म का पाठ पढ़ाता है। जमाना भले ही करवट बदल रही है, लेकिन यह पर्व ने दान की महत्ता को बनाए रखा है। श्री साहू कहते हैं कि पहले घर घर में धान रखने की कोठी हुआ करती थी और किसान अपनी मेहनत से उपजाए धान को मिंजाई के बाद कोठी में भरकर रखते थे। उसके बाद आवश्यकता के अनुसार पारिवारिक व्यवस्था की पूर्ति के लिए धान बेचा करते थे। लेकिन्न अब तो घरों में कोठी की बात कहानी हो गई। धान खेत खलिहान से सीधे सोसायटी पहुंचता है। लेकिन चूंकि पहले माई कोठी के धान ला हेर हेरा कहकर छेरछेरा में दान मांगा जाता है, इसलिए आज भी लोग यही कहते हुए छेरछेरा मांगते हैं।

### दान का महान पर्व है छेर-छेरा

विश्राम साहू, भगवान चंद्राकर, इंद्रू साहू, द्रोण चंद्राकर, कामता प्रसाद साहू कहते हैं कि पहले खेती किसानी में नौकर चाकर हुआ करते थे और मालिक के लिए परिवार के सदस्य की भांति समर्पित होकर मेहनत करते थे और छेर छेरा पर्व ही अधिकांश नौकर मालिक के काम को निपटाते हुए कांवर में बहुत बड़ा टोकनी लगाकर मालिकों के घर छेर छेराने गांव की गलियों में निकल जाते। इसके तहत वे घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते और उन्हें हर घर से कुछ न कुछ अवश्य मिलता। इस तरह वे अच्छा खासा धान एकत्र कर लेते। परंतु दान के पर्व का स्वरूप अब थोड़ा बदल गया है। इब धान ही नहीं और भी अन्य वस्तुएं भी दान में दी जाने लगी हैं।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# मरीजों को गर्मी में कूल रखने 40 एसी की जरूरत, एजेंसी तय नहीं, इसलिए खरीदी में लेटलतीफी

**आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन जेम पोर्टल से पूरी करना चाह रहा खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी के दिनों में मरीजों को कूल रखने आंबेडकर अस्पताल में 40 एसी की खरीदी की योजना दो महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जेम पोर्टल की मदद से खरीदी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दो महीने पहले स्वशासी समिति ने केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में एसी लगाने की सहमति दी थी।

जानकारी के अनुसार, आंबेडकर अस्पताल में कोविडकाल के बाद सीमित रूप से उपयोग हो रहे पेइंग वार्ड में इलाज कराने वाले मरीजों को सुविधा देने के लिए 26 एसी लगाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी बदलने के लिए 9 एसी तथा कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। दो महीने से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी इसकी खरीदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। पेइंग वार्ड को छोड़ दिया जाए तो केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं, जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में तकलीफ अधिक बढ़ जाती है।

■ केजुअल्टी, सीटीवीएस और पेइंग वार्डों में एसी लगाने मिली है स्वीकृति

### सुविधायुक्त एंबुलेंस खरीदी का इंतजार

आंबेडकर अस्पताल के लिए 2 एएलएस एंबुलेंस की खरीदी के लिए प्रक्रिया शुरू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। वर्तमान में अस्पताल में वेंटिलेटर सहित अन्य सुविधा वाली एंबुलेंस नहीं है, जिसकी वजह से कई बार अतिगंभीर मरीजों को अस्पताल से लाने ले जाने के लिए जोखिम उठाना पड़ता है। एंबुलेंस की खरीदी के लिए शासन से स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



### डीके अस्पताल दे रहा राहत

आंबेडकर अस्पताल के रेडियो डॉयग्नोसिस विभाग में जांच के लिए आने वाले मरीजों को डीके अस्पताल से राहत मिल रही है। अफसरों की सहमति के बाद यहां के मरीजों को जांच के लिए वहां भेजा जा रहा है। इससे मरीजों की जांच की वेटिंग कम होकर एक से दो दिन हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को पहले ही भेजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### प्लाईवुड फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग

**रायपुर।** बिरगांव के रिहायशी इलाके में संचालित एक फ्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार सुबह 9 बजे के करीब शार्ट सर्किट से आग लगने की वजह से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं उरला पुलिस ने फैक्ट्री से सटे घरों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कराकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा। बिरगांव में संचालित सिन्हा फर्नीचर के नाम से संचालित फैक्ट्री में आग लगने की घटना हुई। आग लगते ही प्लाई और फोम होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। आसपास के लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठते देखा तो फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की जानकारी दी। सुबह रोड खाली होने की वजह से एक बड़ी घटना होने से बच गई।

### श्री भक्त गुहा निषाद जयंती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन 16 को

**बालोद।** तहसील निषाद समाज बालोद द्वारा श्री भक्त गुहा निषाद जयंती एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी को केंवट घाट सिवनी तांदुला तट बालोद में किया गया है।

इसके तहत समाज द्वारा कलश शोभायात्रा सुबह 10:30 बजे से रामघाट से केंवट घाट तक निकाली जाएगी। रामचरित मानस गान 11 बजे से 12 बजे तक श्री योग वेदांत मानस परिवार बालोद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अतिथि आगमन एवं छात्र छात्राओं का सम्मान दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक व शेष कार्यक्रम 3 बजे से 4 बजे तक होगा। इस अवसर पर ग्राम तरौद निवासी चम्पेश्वर निषाद व ग्राम संबलपुर निवासी संतोषी का विवाह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेन्द्र निषाद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव, सदस्य जिला पंचायत बालोद कृतिका सतानंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत निपानी दानेश्वर सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत हीरापुर कुलेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम बेलमाण्ड में मड़ई मेला 18 को

**बालोद।** ग्राम बेलमाण्ड में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। कृष्णा ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में महतारी के आंसू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### निधन

**रंजीत छापेंद्र**



**गुरूर।** ग्राम कनेरी निवासी रंजीत छापेंद्र 66 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## शहर से मोवा की तरफ जाने के लिए ओवरब्रिज, विधानसभा रूट से आने के लिए अंडरब्रिज

# 40 एमएम तक फिर उखाड़ रहे ओवरब्रिज की सड़क, अब मोवा रूट हफ्तेभर वनवे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मोवा ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन 3 से 6 जनवरी के बीच किया गया। इसके बाद लोक निर्माण के सेतु विभाग ने सड़क उखड़ने पर ट्रैफिक विभाग से सहमति लेकर ओवरब्रिज से आवाजाही को वनवे किया है। साथ ही जिस तरफ की नई डामर रोड उखड़ रही थी, उस तरफ से मिलिंग मशीन का उपयोग करते हुए 30 से 40 एमएम मोटी परत उखाड़ने के बाद एजेंसी फिर सड़क बनाने की तैयारी में है।इ सके चलते ओवरब्रिज पर करीब एक सप्ताह वनवे ही रहेगा।

रायपुर को बलौदाबाजार से जोड़ने वाले मोवा ओवरब्रिज से लोगों की आवाजाही एक बार फिर डायवर्ट रूट का हिस्सा बन गई है। 14 साल पुराने इस ओवरब्रिज का एक ही सप्ताह में दूसरी बार री-कंस्ट्रक्शन हो रहा है। इसके पहले एक महीने के लिए इस रूट को बंद कर प्रॉपर तरीके से री-कंस्ट्रक्शन करने की प्लानिंग में बदलाव करते हुए रात-दिन काम कर इस रूट को चार दिन में ही शुरू करा दिया गया। निर्माण के बाद सड़क उखड़ने से आवाजाही के लिए एक बार फिर से डायवर्ट रूट और वनवे रूट जोड़ा गया है। मोवा से आने वाले लोग अंडरब्रिज पर जाम से बचने मंडी के पास रेलवे फाटक पार कर शहर में एंट्री करने लगे हैं।

### अंडरब्रिज भी होगा वनवे

सोमवार से स्कूल बसों की आवाजाही के साथ ही ई-रिक्शा, आटो और छोटे-बड़े मालवाहकों की आवाजाही डायवर्ट रूट से ही शुरू होने वाली है। दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी, उरकुरा, बलौदाबाजार से आने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। हालांकि ओवरब्रिज को वनवे करने से इस रूट की दो दर्जन छोटी-बड़ी कॉलोनियों सहित आसपास के हजारों लोगों को भी अंडरब्रिज के रास्ते आने-जाने में परेशानी होने वाली है। हालांकि इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पाइंट तय किया है।

### अंडरब्रिज-ओवरब्रिज वनवे

एक बार फिर से ओवरब्रिज की सड़क उखाड़ने का क्रम दोनों छोर से किया जा रहा है। 800 मीटर लंबे ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन करने मार्ग को वनवे किया गया है। इससे शहर से विधानसभा की ओर जाने वाले वाहन चालकों को एंट्री दी जा रही है। वहीं दूसरे छोर यानी विधानसभा की तरफ से सिटी में प्रवेश करने के लिए मोवा अंडरब्रिज रूट को वनवे किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए कार, भारी वाहनों को मंडी गेट के पास रेलवे फाटक से होते हुए आना-जाना पड़ रहा है। ट्रेनों की आवाजाही से लोगों का समय भी खराब हो रहा है।


### वर्किंग डे पर आज बढ़ेगा दबाव

वर्किंग डे के दौरान भी वनवे रूट का उपयोग करते हुए री-कंट्रक्शन होगा। इससे मोवा, सड्डू, दुबे कॉलोनी, विधानसभा जाने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। मोवा ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। इससे ओवरब्रिज की सड़क ज्यादा खराब होती है। एक बार फिर उखड़ी सड़क को क्लीन करने एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में एजेंसी ने काम शुरू किया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस काम को पूरा करने में 3 से 5 दिन लगेंगे। इसके पहले सड़क की परत उखाड़ने और नए सिरे से डामरीकरण के बाद भी सड़क की बजरी गिट्टी उखड़ रही थी।

## आंकड़ा 10 हजार तक भी नहीं पहुंचा

# आयुष्मान की तरह वय वंदना कार्ड में भी बुजुर्गों की दिलचस्पी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ जानकारी के अभाव में कार्ड बनवाने नहीं जा रहे वृद्ध

आयुष्मान योजना की तरह 70 साल से अधिक आयु वाले वय वंदना कार्ड बनवाने में भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। रायपुर जिले में करीब 89 हजार लोगों के कार्ड बनाने हैं, मगर आंकड़ा दस हजार तक भी नहीं पहुंचा है। इस कार्ड के धारकों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपए तक उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस योजना के पूर्व राशनकार्ड हितग्राहियों को श्रेणी के अनुसार से 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार का लाभ मिलता है। 70 साल से अधिक आयु वालों को पांच लाख रुपए तक के उपचार का व्यक्तिगत लाभ देने के लिए वय वंदना योजना कार्ड की योजना लाई गई थी। रायपुर जिले में आचार संहिता की वजह से इसे बनाने की शुरुआत काफी देर से हुई। जिले में 88850 लोगों को कार्ड बनाने के लिए चिन्हित किया गया था, मगर योजना में लोगों की कम दिलचस्पी की वजह से कार्डधारकों की संख्या दस हजार तक नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों का कहना है कि वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाने की सुविधा केवल आधारकार्ड के आधार पर दी जा रही है। चलने-फिरने में असमर्थ लोगों के आधारकार्ड के आधार पर रिश्तेदार अस्पताल जाकर वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं।

### सबके लिए कार्ड

इसे लेकर लोगों में कंफ्यूजन है कि आयुष्मान कार्डधारी को यह सुविधा नहीं मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि 70 साल से अधिक आयु वाले सभी लोगों के लिए यह कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत हितग्राही को व्यक्तिगत रूप से उपचार का लाभ मिलेगा, इसे किसी अन्य से साझा नहीं किया जा सकता।

### एनीकट निर्माण के लिए 2.77 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर जिले के कोटगढ़ नाला पर ग्राम पखनाकोंगेरा में मौलीमाता के पास एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 77 लाख नौ हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से एनीकट निर्माण कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## पत्नी की हत्या कर अंतिम संस्कार की तैयारी, पुलिस ने चिता से लाश उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आरंग थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

चरित्र शंका के चलते पत्नी की हत्या कर लोगों को गुमराह करने के बाद अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे पति को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने अपने गांववालों को तथा मृतका के मायके वालों को शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिरने से मौत होने की झूठी कहानी बताई थी। दशोदा साहू की हत्या के आरोप में पुलिस ने शेखर साहू के गिरफ्तार किया है। शेखर के खिलाफ मृतका के भाई रूपेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रूपेश ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने उन्हें बताया था, उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है और उसके साथ मारपीट करता है। पिछले सप्ताह 6 जनवरी को दशोदा मोबाइल पर अपनी मां के साथ बात कर रही थी। शेखर को लगा कि उसकी पत्नी किसी गैर मर्द के साथ बात कर रही है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर शेखर ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

*अस्पताल ले जाने का बहाना कर वापस लौटा : रूपेश ने पुलिस को बताया कि दशोदा की हत्या करने के बाद शेखर ने अपने परिजनों के साथ गांववालों को गुमराह करने कहा कि उसकी पत्नी शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिर गई, जिसे वह उपचार कराने रायपुर ले जा रहा है। शेखर ने घटना की जानकारी अपने ससुराल वालों को नहीं दी। घटना की जानकारी मिलने पर ससुराल वाले शेखर के यहां पहुंचे तो शेखर अपनी पत्नी की लाश अंतिम संस्कार करने श्मशानघाट ले गया था और चिता में लिटाकर दाह संस्कार की तैयारी कर रहा था। इस दौरान रूपेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी और अपनी बहन का अंतिम संस्कार रुकवाकर लाश पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाई।*

## राजधानी में सौंदर्यीकरण...



**रायपुर।** राजधानी में सौंदर्यीकरण के तहत तमाम निर्माण और विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहीं दीवारों पर पेंटिंग तो कहीं आकर्षक मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। इसी कड़ी में खालसा स्कूल के सामने चौक पर वनभैंसे की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है।

राज्य शासन ने जारी किया आदेश

## सुब्रत को सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार मौर्य को एमडी हस्तशिल्प बोर्ड का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को उनके मौजूदा प्रभार के साथ कुछ विभागों के अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव को सहकारिता विभाग के एसीएस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जयप्रकाश मौर्य को हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

राज्य शासन ने इस संबंध में 12 जनवरी को आदेश जारी किया है। श्री मौर्य को प्रबंध संचालक हस्तशिल्प बोर्ड का प्रभार मिलने के साथ ही यशवंत कुमार इस बोर्ड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। इसी क्रम में आर. एक्का को विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रजत बंसल को उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। कुंदन कुमार संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त गृह निर्माण मंडल को आयुक्त गृह निर्माण मंडल के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पूर्व में यह प्रभार रवि मित्तल आयुक्त जनसंपर्क तथा अतिरिक्त प्रभार सीईओ संवाद के पास अतिरिक्त प्रभार के रूप में था। अब श्री मित्तल प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## राजपत्रित अधिकारियों की मांग- प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम करें लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं पर अधिकारी संघ की आमसभा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली को लागू करने की मांग की है। आईएएस कैडर में एलायड सर्विस से 15 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नति सहित कई मांगों पर पत्र व्यवहार करने का निर्णय लिया गया है। संघ की आमसभा में राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी शासकीय कर्मचारियों सहित पेंशनरों को भी स्वास्थ्य सुविधा के लिए राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने संबंधी चर्चा की गई। वहीं पूर्व मुख्य सचिव एसके मिश्रा की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग और वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर चर्चा की गई। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आईएएस अवार्ड के लिए एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को पदोन्नति का अवसर देने, राजपत्रित अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन, अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने की मांग की गई है, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान-वेतनमान का लाभ मिल सके।

*विभागीय सेटअप पुनरीक्षित करने की मांग : छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रवक्ता बालमुकुंद तम्बोली ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित करने, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ करने, मंत्रालय की तरह समस्त विभागों के विभागीय सेटअप को पुनरीक्षित करने के साथ ही बैकलॉग एवं सेवानिवृत्त से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने की मांग की है। राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।*

## आरक्षण में ओबीसी के साथ अन्याय कांग्रेसियों ने सीएम का पुतला फूंका

**रायपुर।** भाजपा द्वारा पिछड़ा वर्ग को आरक्षण में वंचित करने का विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में रविवार को तिल्दा में कांग्रेसजनों ने गुरु घासीदास चौक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग की है, पिछले जिला पंचायत चुनाव में 7 जिला पंचायतों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिला था, अभी 37 जिला पंचायत होने के बावजूद एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया। यह 52 प्रतिशत बहुसंख्यक पिछड़ों का अपमान है,



संविधान प्रदत्त अधिकार का हनन है, ये पिछड़ों के साथ सरासर अन्याय है, अपमान है। इनकी निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन सभी ब्लॉकों में किया जाएगा।

### ये रहे शामिल

पुतला दहन करने वालों में शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ नेता दिनेश यदु, राम गिडलानी, देवदास टंडन, घनश्याम वर्मा, सुनील सोनी, राहुल तेजवानी, नीरज राठी, गजानंद वर्मा, मोती हिंदुजा, अजितेश शर्मा आदि शामिल रहे।

## निकाय चुनाव को लेकर मंथन, मूणत बोले रायपुर में महापौर भी भाजपा का बनाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में रविवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा की आवश्यक बैठक विधायक राजेश मूणत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस दौरान नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। श्री मूणत ने कहा, आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव होने हैं और हमें सभी 20 वार्डों में अपने प्रत्याशी जितवाने के लिए भरसक परिश्रम करना है। इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा और रायपुर नगर निगम महापौर पद आरक्षण में महिला सामान्य घोषित हुआ है।

हमें पार्षदों के साथ-साथ रायपुर महापौर भी भाजपा का बनाना है।

श्री मूणत ने कहा, विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ने के लिए हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव में 40 हजार से अधिक मतों से विजय हासिल की गई और लोकसभा चुनाव में दोगुनी लीड प्राप्त की गई। अब नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को अपना प्रदर्शन दोहराना है। जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हम सभी एक-दूसरे से चिरपरिचित हैं और हमारा ध्येय एक ही है, सत्ता और संगठन के मध्य समन्वय स्थापित करना।

## खबर संक्षेप

### दो वाहनों में टक्कर, दोनों के चालकों ने लिखवाई रिपोर्ट

**बालोद।** मोहंदीपाट पेट्रोल पंप के पास बोलेरो और ब्रेजा वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस मामले में रविवार को अर्जुन्दा थाने में दोनों वाहन चालक की रिपोर्ट पर दोनों वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए) 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वाहन चालक ग्राम भरदाकला निवासी मिर्जा इरशाद ने बताया कि रविवार को अपने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 3147 में अपने पारिवारिक सदस्यों व दोस्तों के साथ ग्राम मोहंदीपाट से ग्राम भरदाकला अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान रात 8.30 बजे मोहंदीपाट पेट्रोल पंप के पास समय विपरीत दिशा से आ रहे ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 1996 के चालक ने बोलेरो वाहन को ठोकर मार दी। एक्सीडेंट से बोलेरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, दूसरे वाहन चालक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सुपर वायजर ने बताया कि रविवार को अपने ब्रेजा चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 1996 में अपने परिवार के साथ ग्राम कुम्हालोरी से अपने घर ग्राम झोला जिला दुर्ग जा रहे थे। इसी दौरान रात 8.30 बजे ठाकुर पेट्रोल पंप से मोहंदीपाट के बीच विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 3147 के चालक ने मेरे वाहन को टक्कर मार। एक्सीडेंट से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, चोट भी आई है।

### चारपहिया की ठोकर से किसान घायल

**बालोद।** ग्राम बेलौदी धान खरीदी केन्द्र के सामने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को पीकप वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह व्यक्ति घायल हो गया, जिसे तत्काल ईलाज के लिए धमतरी के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे रायपुर रिफर कर दिया गया, जहां उपचार जारी है। ग्राम भुसरेंगा निवासी त्रिवेणी साहू ने बताया कि 9 जनवरी को सुबह 6 बजे मेरे पति राजेन्द्र कुमार साहू व जेठ रेवाराम साहू धान बिक्री करने ग्राम बेलौदी के सोसायटी धान बिक्री केन्द्र गये थे। थोड़ी देर बाद मैं भी अपने लड़के उमाशंकर साहू के साथ मोटर सायकल पर ग्राम बेलौदी सोसायटी गई। सोसायटी के पास जाकर खड़ी थी। मेरा पति राजेन्द्र कुमार साहू धान भरने के लिए सोसायटी से खाली बारदाना अपने सिर में लादकर ला रहे थे। इसी दौरान लगभग 8.30 बजे पति राजेन्द्र कुमार साहू ग्राम बेलौदी धान खरीदी केन्द्र के सामने रोड क्रास कर रहे थे, तभी बोलेरो पीकप वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्लू 6640 के चालक ने निपानी से मोखा की ओर जाते समय तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी। रविवार को घायल व्यक्ति के पत्नी की रिपोर्ट पर सनौद थाने में पीकप वाहन के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चालक लहराते हुए चला रहा था ट्रक, बाल-बाल बचे ग्रामीण

**बालोद।** कार्यक्रम देखने जा रहे युवकों के पास से हाईवा को चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाने से सभी युवक बाल बाल बचे। जिस मामले में एक युवक पंकज साहू की रिपोर्ट पर सोमवार को गुरुर थाने में लापरवाही पूर्वक चलाने वाले हाईवा चालक के खिलाफ धारा 185, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बोरतरा निवासी पंकज साहू ने बताया कि रविवार को गुरूर का मड़ई–मेला होने से रात में बाजार चौक गुरूर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था। कार्यक्रम देखने मैं अपने दोस्तों संदीप नेताम, दीपक राव के साथ पैदल जा रहा था। इस दौरान धनेली चौक गुरूर में करीब रात्रि 12 बजे पहुंचे थे, तभी बालोद की ओर से हाईवा ट्रक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते खतरनाक ढंग से लहराते आकर रोड किनारे अपने दोस्तों के साथ रोड क्रास करने खड़ा था, तभी हाईवा ट्रक चालक द्वारा हम लोगों की तरफ लहराने से एक्सीडेंट होने से बाल बाल बचे। वहीं, धनेली चौक पर पुलिस वालों की ड्यूटी लगी थी। इस पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस वालों ने पीछा कर अंबेडकर चौक के पास रोका, फिर हम लोग भी चौक के पास पहुंचे। पूछताछ करने पर हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएन 7204 के चालक ने अपना नाम टिकेश्वर साहू बताया। पंकज ने बताया कि ड्राइवर टिकेश्वर एवं उनका हेल्फर राजेन्द्र साहू दोनों ने शराब पी रखी थी। उन्हें अस्पताल मुलाहिजा कराने ले गये।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बच्चों को मिला प्रोत्साहन और दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिक्षा सेवा न्यास रायपुर छत्तीसगढ़ जनजाति क्षेत्र की शिक्षा जिला बालोद के संयोजन व समस्त ग्रामवासी ग्राम रुपुटोला के सहयोग से संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 जनवरी को हुआ। इस उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसाऊ राम ग्राम पटेल थे, अध्यक्षता डेनियल टेकाम सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बडेजुंगेरा ने की। विशेष अतिथि नरसिंह सचिव ग्राम पंचायत बडेजुगेरा, कोमल सिंह, बुधराम कुंजाम ने भारतमाता ऊं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 केन्द्रों ने भाग लिया। उद्घाटन गोला फेंक से

**प्रतियोगिता में 16 केन्द्रों के बच्चे हुए शामिल**





अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है इसलिए अपने जीवन में इसे जोड़कर रखना चाहिए। अन्य अतिथियों का भी उद्बोधन प्राप्त हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि अजब सिंह टेकाम अध्यक्षता मणिराम कोरेटी, विशेष अतिथि आशा बाई कोरामे, रामचरण, झमित बाई ने भारतमाता ऊं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विदेशी खेल को छोड़ कर अपने देश के खेलों में रूची रखने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन पुषण लाल भुआर्य जिला समन्वयक जिला बालोद ने किया। अमीरदास कृषाणे संकुल समन्वयक संकुल डौण्डीलोहारा, हरिश्चंद्र कश्यप खेल प्रभारी पुरूषोत्तम कुंजाम आचार्य उद्घोषक डोमन पिस्दा, लेखराम सभी आचार्य दीदीयां, समस्त ग्रामवासी ने इस खेलकूद में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## प्रवचन : ग्राम बिरेतरा पोड़ी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सुनाई भक्त प्रहलाद की कथा

# भक्त प्रहलाद की रक्षा करने खंभे से प्रकट हुए भगवान नरसिंह, हिरण्यकश्यप का किया वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम बिरेतरा पोड़ी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के तीसरे दिन सोमवार को पंडित लोकेश शर्मा ने भगवान के भक्त प्रहलाद चरित्र की कथा की व्याख्या मार्मिक चित्रण के साथ किया।

पंडित लोकेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद से कहा मैं तुम्हारा वध करूंगा, देखता हूं कहां है तुम्हारा भगवान। इस पर प्रह्लाद ने कहा कि हर कण में भगवान हैं। हिरणकश्यप ने प्रह्लाद से पूछा कि खंबे में भी है? प्रहलाद ने कहा हां है, हिरण्यकश्यप ने गुस्से में खंभे पर लात मारी, तभी खंभे में से नरसिंह भगवान आकर हिरण्यकश्यप के सामने खड़े हो गए। उन्होंने हिरण्यकश्यप को अपनी गोद में रखा और नाखून से उसका शरीर चीर दिया। इस तरह हिरण्यकश्यप अपने वरदान के अनुरूप न पृथ्वी पर, न आकाश पर, न किसी अस्त्र शस्त्र से, न देव, ना मानव बल्कि नरसिंह भगवान के हाथों मारा गया।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन आदर्श दुर्गोत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें यजमान सोहन साहू नेम बाई, हुमेन्द, टिलेश्वरी साहू, चन्द्रहास साहू–दीपिका साहू, तामेश्वर साहू-भोज बाई, लक्की सहित ग्राम बीरेतरा पोड़ी की महिलाएं व पुरुष बड़ी सख्या में शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।





### मार्ग में पालकी के एक कहार की हो गई मृत्यु

पंडित लोकेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि एक दिन राजा रहूगण पालकी पर बैठकर, आत्मज्ञान की शिक्षा लेने के लिए कपिल मुनि के पास जा रहे थे। मार्ग में पालकी के एक कहार की मृत्यु हो गई। राजा रहूगण ने अपने सेवकों से कहा कि वे कोई दूसरा कहार खोजकर लाएं। रहूगण के सेवक किसी दूसरे कहार की खोज में निकल पड़े। उनकी दृष्टि खेत की मेड़ पर बैठे हुए जड़भरत पर पड़ी। सेवक उन्हें पकड़कर ले गए। जड़भरत ने बिना कुछ आपत्ति किए हुए, कहारों के साथ पालकी कंधे पर रख ली और बहुत संभल–संभल कर चलने लगे। उनके पैरों के नीचे कोई जीव दब न जाए इसलिए उनके पैर डगमगा उठते थे। इससे राजा रहूगण को झटका लगता था, उन्हें कष्ट होता था। राजा रहूगण ने कहारों से कहा, क्यों जी, तुम लोग किस तरह चल रहे हो, संभलकर, सावधानी के साथ क्यों नहीं चलते, कहारों ने उत्तर दिया, महाराज हम तो सावधानी के साथ चल रहे हैं, किंतु यह नया कहार हमारे चलने में विघ्न पैदा करता है। इसके पैर रह–रह कर डगमगा उठते हैं। राजा रहूगण ने जड़भरत को सावधान करते हुए कहा, क्यों भाई, तुम ठीक से क्यों नहीं चलते, देखने में तो हट्टे–कट्टे मालूम होते हो। क्या पालकी लेकर ठीक से चला नहीं जाता, सावधानी से मेरी आज्ञा का पालन करो, नहीं तो दंड दूंगा। रहूगण का कथन सुनकर जड़भरत मुस्करा उठे। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा, आप शरीर को दंड दे सकते हैं, पर मुझे नहीं दे सकते, मैं शरीर नहीं आत्मा हूं। मैं दंड और पुरस्कार दोनों से परे हूं। दंड देने की तो बात ही क्या, आप तो मुझे छू भी नहीं सकते।

### बोरिदकला में तीन दिन गूंजा राम का नाम

**गुरूर।** ग्राम बोरिदकला में नवजागरण युवा समिति बोरिदकला द्वारा मानसगान सम्मेलन का त्रिदिवसीय आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया। जिसमें 10 जनवरी को शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्वलन शत्रुघन लाल सिन्हा, हरिराम सिन्हा, गजानंद मरकाम, भुवन सिन्हा,



सुरेश साहू, कान्ता प्रसाद सिन्हा, हिरू राम सिन्हा, सोमेन्द्र साहू एवं ग्रामीणो द्वारा किया गया। जय गुरूदेव संकीर्तन मानस परिवार हरदी छुरा गरियाबंद द्वारा मानस गायकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। 11 जनवरी को रेशमी बालिका मानस परिवार बिरकोनी महासमुंद, मन्दाकनी मानस परिवार नूनधावर कबीरधाम, गौरी महिला मानस परिवार रेंगाकठेरा, पारसमणी मानस परिवार रायपुर, रामकृष्ण मानस परिवार बागतराई, रागरंग मानस परिवार बागबाहरा ने अपनी प्रस्तुत दी। वही 12 जनवरी को जय मार्या संस्कार बालिका मानस परिवार राजपुर मगररलोड, श्री शिवकृष्ण मानस परिवार जिवतरा महासमुंद, हे शारदे सम्पूर्ण बालिका मानस परिवार रंजीतपुर कबीरधाम, श्री परमे"वर मानस परिवार सेम्हरतरा राजिम, राज मानस परिवार आमदी धमतरी, गधर्व मानस परिवार कांकेर उत्तर बस्तर ने अपनी प्रस्तुती दी। 12 जनवरी को मानस सम्मेलन के समापन समारोह मे अतिथि नेत्र सहायक अधिकारी सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा थे। सरपंच बोरिदखुर्द दुष्यंत सिन्हा, भीखम सिन्हा, रामदयाल साहू, सागर निर्मलकर, भुनेश्वर, शोभित सिन्हा, राकेश सिन्हा, मिलन तारम, द्वारिका कामड़े, महेन्द्र सेन एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के संरक्षक मन्नू सेन, अध्यक्ष डिकेश साहू, उपाध्यक्ष मूरली कुमार सिन्हा, कोशाध्यक्ष चतुर सिंह हिरवानी, सचिव डॉ नीलकमल सिन्हा, संचालक मनोज सिन्हा, सदस्य कमल किशोर, योगेश, बल्लू शेण्डे, प्रीमेश, धर्मेन्द्र साहू, खोमन नेताम, संतराम सिन्हा, विक्रम सिन्हा, योगेश कामड़े, नीलेश साहू का सहयोग रहा।

## वार्ड क्रमांक 1 व 20 में करोड़ों की लागत से होंगे विकास कार्य

**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 एवं वार्ड क्रमांक 20 पाररास में वर्षों से लम्बित जनता की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूर्ण होनी वाली है। भारतीय जनता पार्टी मण्डल बालोद महामंत्री एवं पूर्व पार्षद संतोष कौशिक ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र पाररास वार्ड 1 व 20 विगत 15 वर्षों से विकास की बाट



जोह रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पाररास के दोनों वार्डों में वार्डवासियों की बहु प्रतीक्षित मांगों को बालोद नगर के भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन एवं छाया विधायक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से चर्चा कर पूरे शहर के लिये लगभग 5 करोड़ रुपए की स्वीकृति कराई है। इसके तहत शेड निर्माण सीसी सड़क, सीसी टाप, आर सीसी नाली निर्माण, शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युतीकरण हेतु विद्युत खम्भा लो वोल्टेज न हो इसके लिए ट्रांसफार्मर सहित बड़े बड़े विकास के कार्य स्वीकृत कराये गये हैं। इस संबंध में राकेश यादव ने बताया कि भाटापारा रोशननगर छिनदयी तालाब पार में 25 विद्युत पोल सहित पाररास, आमापारा, कुंदरु पारा, जुररी पांडे पारा, वार्ड 1, 2, 4, 5, 11, 13, 15 में विद्युत विस्तारीकरण के लिए बीस लाख पचपन हजार रुपए स्वीकृत कराया गया है। उक्त विकास कार्य स्वीकृत होने पर वार्डवासियों ने खुशी व्याप्त करते हुए यशवन्त जैन, राकेश यादव का आभार व्यक्त किया है।



# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें : चेमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरी बंगला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन बड़े हर्ष उल्लास एवं उत्साह से किया गया।

▪ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेमन देशमुख जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद थे, अध्यक्षता टुमन साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेगा ने की

। अति विशिष्ट अतिथि किशोरी साहू उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद विशिष्ट अतिथि पोषण बनपेला उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, रमेश सोनवानी उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, हरीश कटझरे प्रदेश आईटी सेल, सुरेश सार्वा अध्यक्ष भाजपा मंडल सुरेगांव, विवेक वैष्णव अध्यक्ष भाजपा मंडल देवरी, टीनेश्वर बघेल, उत्तम साहू सरपंच टटेंगा, मन हरण देवांगन उप सरपंच, ओम प्रकाश सोनबरसा, चंद्रशेखर उर्वसा के एल सिन्हा, तोरण साहू थे।

प्राचार्य आर के देवांगन ने वार्षिक प्रतिवेदन में शाला की उपलब्धियां बताई। सभा को संबोधित करते हुए अति विशिष्ट अतिथि किशोरी साहू ने सभी को गांव की सफाई रखने एवं नशा न करने का संदेश दिया। अध्यक्षता करते हुए टूमन साहू ने सभी छात्र-छात्राओं से माता-पिता और गुरु की आज्ञा पालन करने की सलाह दी मुख्य अतिथि की आसंदी से संबंधित करते हुए चेमन देशमुख ने सभी पालकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे, क्योंकि हम इससे ही बच्चों को पूर्ण रूप से विकसित कर नैतिक कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को समझा सकते हैं। सभी अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अजय पाठक तथा आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लिखन सरपा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनेका की प्राचार्य आरती देवांगन, अर्जुनी के प्राचार्य पी एल शर्मा, पूर्व व्याख्याता के वी चंद्रहास, एच के वैष्णव, आर डी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, ओ पी चुरेंद्र, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ सहित शाला विकास समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इस अवसर पर विगत वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में शाला में प्रथम हिमानी एवं द्वितीय प्रियल साहू तथा हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रथम मयंक देवांगन तथा द्वितीय साक्षी साहू ने प्राप्त किया। पीटीआई रीना बोरकर के निर्देशन में इस वर्ष मोनिका निषाद ने रोल बाल ओपन में राष्ट्रीय स्तर में तथा श्रद्धा ने कुरास में राज्य स्तरीय शालेय खेल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। भौतिकी के व्याख्याता पवन सिन्हा के निर्देशन में विद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लिया एवं अंग्रेजी की व्याख्याता एवं सांस्कृतिक प्रभारी अजय पाठक के निर्देशन में सुषमा सुधाकर तथा पंकज यादव ने जनजाति गौरव दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

**ग्राम जुंगेरा एवं करहीभदर मंडल की संयुक्त बैठक में तैयारियों को लेकर की गई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम जुंगेरा एवं करहीभदर मंडल की संयुक्त बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024–25 हेतु पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए आवश्यक कार्यशाला में जुंगेरा एवं करहीभदर मंडल ने कमर कस ली है। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता में जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, निवृर्तमान जिलाध्यक्ष पवन साहू, छगन देशमुख ने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता हारने के लिए चुनाव नहीं लड़ता, लड़ने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या बहुत है, लेकिन लड़ना एक को है और भाजपा का पूरा कार्यकर्ता एवं नेता को उसको जिताने का प्रयास करना है। यह चुनाव आम कार्यकर्ता का चुनाव है, पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भगवा लहराना है। जब तक बूथ में हमारा कार्यकर्ता सरपंच पंच जनपद एवं जिला पंचायत का सदस्य नहीं बनेगा, तो विकास गांव का हम कैसे करवाएंगे। जब हमारे गांव में भाजपा का कार्यकर्ता बैठेगा, तब हम सरकार की योजनाओं को जमीन स्तर पर उतारने एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सरलता होगी। जिला महामंत्री राकेश यादव ने बताया कि आगामी 14 एवं 15 जनवरी को सभी जनपद स्तर पर बैठक होगी, जिसमें जिला एवं जनपद सदस्य के लिए आवेदन प्राप्त करना है, जिसको मंडल चयन समिति 16 जनवरी को 3 नाम का पैनल बनाकर 18 जनवरी को जिला तक प्रेषित करना है और जिला से 20 जनवरी तक पूरा नाम तय हो जाएगा।






### 16 जनपद के प्रभारियों की घोषणा

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने 16 जनपद के लिए प्रभारी की घोषणा की। क्षेत्र क्रमांक 1 में प्रेम साहू, 2 एवं 3 में अरुण साहू, 4 एवं 7 में सुरेंद्र देशमुख, 5 में तोमन साहू, 6 में दानेश्वर मिश्रा, 8 विकास साहू, 9 एवं 16 में पालक ठाकुर, 10 एवं 11 में धर्मेंद्र साहू, 12 बिरेन्द्र साहू, 13 एवं 14 के लिए देवधर साहू, 15 में चित्रसेन साहू जनपद स्तरीय बैठक लेंगे, जहाँ जनपद एवं जिलापंचायत के लिये आवेदन प्राप्त किया जाएगा। बैठक में स्वागत उद्बोधन जुंगेरा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू एवं आभार करहीभदर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा ने किया। अंत में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। वहीं देवारभाट के नन्दकिशोर साहू एवं परमेश्वर देहारे पूर्व सैनिक ने नरेंद्र मोदी के नीति रीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से धरम साहू, प्रकाश नाहर, पालक ठाकुर, सुरेंद्र देशमुख, कल्याण साहू, महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, जिला मंत्री भाजपा कृतिका साहू, खिलेश्वरी साहू, महेश्वरी ठाकुर, सीता साहू, पूनम साहू, अशवन बारले, विकास साहू, बिरेन्द्र साहू, पार्थ साहू एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### चिखलाकसा नगर...

अरविन्द नाथ योगी ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन में सीएलटीसी सैफ क्वाज़ी और नगर पंचायत चिखलाकसा की टीम का विशेष योगदान रहा है। इसके साथ ही, लाभार्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया है। योजना का प्रभाव स्थानीय नागरिकों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और लाभार्थियों के बीच खुशी और संतोष का माहौल बना हुआ है। नगर पंचायत चिखलाकसा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### जिलास्तरीय क्विज...

\शामिल किया गया था, जिसमें शाला की छात्रा खुशी विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य सुनीता यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज, बीआरसीसी सच्चिदानंद शर्मा, संजय बेस जनपद सदस्य कुसुमकसा, शिवराम सिंड्रामें सरपंच कुसुमकसा,डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ,अनिल सुथार,डॉ नसीम खान, नितिन जैन मनीष जेठवानी, व्याख्याता मर्सी जॉर्ज,अशोक कुमार सिन्हा,आर के अवाड़े, उमा त्रिपाठी, गीता गुप्ता, इंद्राणी मुखर्जी, कृतिका साहू,रंजना खोबरागड़े, सावित्री स्वर्णकार,किरण झा, आशा प्रधान, भारत लाल नायक, सीबी डॉहरे ,जनक साहू ,चंद्रकला सक्सेना, मांडवी मिश्रा, दीपमाला जोशी, देहूति, कोठारी शीतला नायक आदि ने छात्रा खुशी विश्वकर्मा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नीरा बाई के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 05 में कई वर्षों से कच्चे घर में निवासरत महिला नीरा बाई भांडेकर का घर अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पक्का बन कर तैयार हो चुका है। उन्होंने बताया कि कच्चे घर में उन्हें अपना जीवनयापन करने में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में मिट्टी के घर में रहने में बहुत कठिनाई होती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की इस अतिकल्याणकारी योजना ने उनके पक्के मकान में जीवनयापन करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की है।

### डौंडीलोहारा में देव मड़ई पर हुए विविध कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** सोमवार को डौंडीलोहारा में देव मड़ई का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर व आसपास के गांवों में रात्रि मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाचा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें डौंडीलोहारा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर बारूका गरियाबंद, ग्राम भालुकोन्हा में अमर ज्योति नाच पार्टी कुल्हारदो मोहला, ग्राम बटेरा में ओनवा रवेली नाच पार्टी गरियाबंद, ग्राम भेड़ी में तुलसी के पूजा नाच पार्टी कचांदुर, ग्राम अण्डी में महतारी के आंसू नाच पार्टी संसारगढ़, ग्राम कसही में ज्ञान के पूजा नाच पार्टी मडगरी महाराष्ट्र, ग्राम उरेटा में प्रेम सुमन नाच पार्टी बेंदाडी छुरिया, ग्राम माडियाकट्टा में मोर गंवाई गंगा नाच पार्टी परसाही, ग्राम जाटादाह में दूरैं बंजारी नाच पार्टी महाराष्ट्र का रंगारंग आयोजन हुआ। आज मंगलवार को ग्राम बगईकोन्हा में खोड़वा कुबरा नाच पार्टी ग्राम सुवरबोड़ का आयोजन किया गया है।

## निधन

### अर्पण तातेड़

**डौंडीलोहारा।** संजय नगर निवासी अर्पण तातेड़ सुपुत्र स्व. अशोकचंद



तातेड़ 39 वर्ष का निधन हो गया। वे थाना मंगचुवा में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। वे महावीर तातेड़ के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में नगरवासी व परिवारजन उपस्थित थे।

### सेवाराम देशमुख

**डौंडीलोहारा।** ग्राम भरदा (लो.) के



प्रतिष्ठित समाजसेवी, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सेवाराम देशमुख 83 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

**पर्व : सोमवार को धूमधाम के साथ पारंपरिक रूप में मनाया गया अन्न दान का पर्व छेरछेरा**

# गली-गली में गूंजा छेरिक छेरा छेर छेरा, मांगने और देने वाले दोनों के चेहरे पर दिखा उल्लास का भाव







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोमवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल की गलियां सुबह से देर शाम तक छेरिक छेरा छेर छेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा, अरन–बरन कोदो झरन, जभे देबे धान तभे टरन से गुंजायमान रहीं। छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पर्व जिले के लोगों ने धूमधाम से मनाया। जहां सुबह से ही बच्चों के साथ बड़े भी टोलियां बनाकर इस दान पर्व पर छेरछेरा मांगने निकले थे। बच्चे तो बच्चे बड़े व बुजुर्ग भी टोली बनाकर छेरछेरा मांगते दिखे। ग्राम हिरापुर ग्रामीण हिरामन साहू, हिंछाराम साहू, हरीराम साहू ने बताया कि अंग्रेज़ी कैलेंडर के अनुसार छेरछेरा पर्व साल का सबसे पहला पर्व माना जाता है। वहीं हिंदी माह में पौष माह की पूर्णिमा को छेरछेरा पुन्नी का त्यौहार मनाया जाता है।

**छेरछेरा पुन्नी की विशेष मान्यता-** छेरछेरा पुन्नी का पौराणिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इस दिन धान का दान करना चाहिए। इस दिन किसी को भी खाली हाथ नहीं लौटाया जाता। ग्रामीण क्षेत्रों में छेरछेरा पुन्नी की धूम रही। जहां गांव के बच्चे व युवाओं ने दस से बीस लोगों की टोली बनाकर बाजे गाजे के साथ नाचते गाते छेरछेरा मांगने निकले। नाचते गाते देख लोगों का भी उत्साह वर्धन हुआ। वहीं, लड़कियों व महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर नाचते गाते छेरछेरा मांगा।

**अनाज देने की मान्यता-** जिले में छेरछेरा पुन्नी के दिन खासकर ग्रामीण अंचल की महिलाएं सुबह से ही अपने घर में रखी कोठी के धान को निकाल कर टोकरी व सुपा में रख लेती हैं। जब कोई टोली छेरछेरा मांगने आते हैं, तो उन्हें धान दान करती हैं। हालांकि, शहरों में यह परंपरा अब विलुप्त होने लगी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह जीवित है।

**लोगों ने दिया चावल, सब्जी, पैसा व चॉकलेट-** शहर के कई लोगों के पास खेत नहीं होने के कारण लोगों ने छेरछेरा मांगने पहुंचे। बच्चे व बड़ों को धान की जगह चावल, सब्जी, फल व पैसा, चॉकलेट देते हुए दिखे। बच्चों को तो चॉकलेट देकर ही विदा करते दिखे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायः सभी घर खेत पाया जाता है, तो धान ही देते दिखे।

### छेरछेरा पर दिखा परंपरा व उत्साह का संगम, बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी मांगा छेरछेरा



**अंडा।** अंचल में दान का महापर्व छेर-छेरा सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर ग्रामीणों ने लोगों के साथ नई फसल की खुशियां बांटीं। परंपरानुसार बच्चों के साथ बड़ों ने भी घर-घर जाकर अन्न का दान मांगा। सुबह से ही बच्चों की टोलियां अन्न दान मांगते दिखीं। यह हाल गांवों से लेकर शहर में भी देखने को मिला। शहर से लगे हुए टार पाली गांव में बच्चे व बड़ों को डंडा नृत्य कर छेरछेरा की परंपरा का निर्वहन किया। पौष माह में मनाए जाने वाला पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पुनी नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मौसम के बदलते मिजाज के बावजूद इस पुन्नी त्योहार में बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह से ही बच्चे सज संवरकर हाथों में थैला लिए निकल पड़े। पारंपरिक गीत छेरछेरा एवं नृत्य करते हुए झुंड में बच्चों ने छेरछेरा त्योहार मनाया। इस अवसर पर छेरछेरा पुनी नृत्य कर रहे बच्चों, बुजुर्गों को ग्राम व नगरवासी जो भी उनसे बन पड़ा, उन्हें दान किया।

**आज भी जीवित है अन्नदान की परंपरा-** आधुनिक इंटरनेट के जमाने में भी यह परंपरा आज भी जीवित है और आज भी लोग छेर छेरा मांगने वालों को खाली हाथ नहीं लौटाते हैं। ऐसी मान्यता है कि छेर-छेरता मांगने वालों के वेश में स्वयं महादेव उनके द्वारा आए हैं और उन्हें खाली हाथ लौटाने वाले के घर में बरकत नहीं होती है। गांव में आज के दिन लोग टोकरी या बोरी में धान रखकर छेरछेरा मांगने वालों की प्रतीक्षा करते हैं और छेरिक छेरा छेर छेरा सुनते ही छेरछेरा मांगने वालों को धान देते हैं। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें दान देने और दान लेने वाले दोनों के चेहरों पर मुस्कान होती है।

---

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर सक्षम जन फाउंडेशन ने पुलगांव वृद्धाश्रम में दी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बुजुर्गों को चप्पल व कंबल के साथ भेंट की अन्य सामग्री

सक्षम जन फाऊंडेशन द्वारा सेवा कार्य समय समय पर दिव्यांगों बुजुर्गों की सेवा की जाती है। इसी कड़ी में पुलगांव दुर्ग के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कंबल चप्पल जरूरत के सामानों का वितरण किया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के बताए मार्ग पर चलने उनका अनुसरण सभी सदस्य करते हैं सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा सेवा के साथ आश्रम में पहुंच बुजुर्गों के साथ समय भी देते हैं उनके साथ समय बिताए जिससे उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो उनके मनोरंजक के लिए गीत संगीत का आयोजन किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन गुरु देव सचिव हरि सिंह सोलंकी कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा पूजा संरक्षिका सुमन ठाकुर नीमा पनरीया कुणाल मोना रानी खुशबू सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंच बुजुर्गों के साथ समय और खुशियां बाटी। बुजुर्गों ने अपना मकर संक्रांति त्यौहार धूम धाम से मनाया। सक्षम जन फाऊंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि संस्था वृद्धा आश्रम पहुंच सेवा करते हैं और बुजुर्गों को भी संस्था के प्रत्येक सदस्य से लगाव है और सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है। संस्था स्वामी विवेकानंद के बताए मार्गों पर चलकर सेवा कार्यों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और निरन्तर सेवा कार्य जारी है संस्था से जुड़ने वाले सभी सदस्य गण एक परिवार की तरह रहते हुए सभी मिलकर कार्य करते हैं।

# दावेदारों से चर्चा कर आवेदन लेगी भाजपा संभाग स्तरीय कमेटी को भेजी जाएगी सूची

**चुनाव प्रभारी राकेश की उपस्थिति में कल होगी जिलास्तरीय कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा जिला बालोद द्वारा चुनाव के दृष्टिकोण से जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यशाला के साथ ही जिले की दो नगरपालिका व नगर पंचायतों सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत के चुनावों में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी व कार्ययोजना की शुरुआत 15 तारीख से सभी मण्डल संगठनों में होने जा रही है। इसी क्रम में डौंडीलोहारा व रेंगाडबरी मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डौंडीलोहारा में किया गया है। कार्यशाला के दौरान चुनावों के मद्देनजर दावेदारों से चर्चा कर आवेदन लिए जाएंगे।इस कार्यशाला में चुनाव प्रभारी बालोद राकेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। वे आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देंगे।

नगर के पुराने जनपद कार्यालय में दोपहर 01 बजे से आयोजित इस बैठक में देवलाल ठाकुर, देवेंद्र जायसवाल, दिलीप शर्मा, जयेश ठाकुर, होरीलाल रावटे सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता भी मौजूद रहेंगे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष डौंडीलोहारा कुसुम शर्मा, रेंगाडबरी मण्डल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने सूचना जारी कर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं व जिला, मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया है। नगर पंचायत चुनावों में जीत के लिए पार्टी ने प्रदेश संगठन के निर्देश पर कई कार्यक्रम बनाए हैं। भाजपा संगठन ने इस बार मंडल स्तर पर चयन सूची बनाकर जिला समिति को देने की योजना बनाई है, जिसे आगे संभाग स्तरीय कमेटी के पास भेजा जाएगा और वहीं से उम्मीदवार के नाम की घोषणा होगी।

### नगर पंचायत डौंडीलोहारा के चुनाव प्रभारी बनाए गए राकेश



**डौंडीलोहारा।** भाजपा संगठन के प्रदेश प्रभारी नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने इकाईवार प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव को डौंडीलोहारा नगर पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# शैक्षणिक भ्रमण में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पहुंचे रेडक्रास के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम की रेडक्रॉस एवं कला संकाय के छात्रों ने ग्राम भरदा में शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके तहत रेडक्रास के स्वयंसेवकों ने शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय का विजिट किया। इस अवसर पर डॉक्टर संजय छाजेड़ एवं औषधालय कर्मचारी श्री निषाद, राकेश एवं होरी लाल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक उपचार, औषधि उपकरण, प्राकृतिक परीक्षण से संबंधी जानकारी प्राप्त की। उसके बाद ग्राम भरदा के गांवों में आर्थिक सामाजिक सर्वे किया गया। इस अवसर पर अंजू रानी ठाकुर विभागाध्यक्ष कला संकाय एवं दीपेश, मोहित, लिलेश्वरी चंचल गायत्री भारती आदि उपस्थित रहे।




### शासकीय विद्यालय कंवर में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य केआर कोवाची, व्याख्याता एचके साहू के साथ रासोयो स्वयं सेवकों ने स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जिसमे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2025 का सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी केआर भंडारी ने किया।

# विवेकानंद स्कूल में प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

**डौडीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किया गया। प्रथम दिवस विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक खेल एवं द्वितीय दिवस पुरस्कार वितरण किया गया। वहीं, विगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अपनी कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हेम कुमार रावटे जनपद सदस्य, थानसिंग रावटे, कुशल दास मानिकपुरी, घनश्याम रावटे, लखनलाल गोटे, जयेश जैन, डार्मेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र साहू, लता साहू, यमुना सिन्हा, टिनू देशमुख, संकेत साहू, भेषनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# दीनदयाल अंत्योदय योजना से आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं हैं अंचल की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की सफलता को दर्शाता है। योजना के तहत दल्लीराजहरा शहरी गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संगठित कर उनके आत्मनिर्भर बनने में मदद की जा रही है। यह योजना महिलाओं को गरीबी से बाहर निकालने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। दल्लीराजहरा में /"निर्मला महिला स्वयं सहायता समूह/" इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया है।

सरकार द्वारा प्रत्येक समूह को 10,000 रूपए की आवर्ती निधि प्रदान की जाती है, जिससे समूह को प्रारंभिक आर्थिक सहायता मिलती है। इसी तरह महिलाओं द्वारा कर्मचारियों से संपर्क कर बैंक लिंकेज ऋण प्राप्त किया गया है।

प्रथम चरण में 3 लाख और द्वितीय चरण में 4 लाख ऋण वितरित किया गया। ऋण राशि का उपयोग व्यवसाय शुरू करने और उसे बढ़ाने में किया गया। निर्मला महिला स्वयं सहायता समूह ने शहीद अस्पताल में कैंटीन चलाने का कार्य शुरू किया और अब मासिक आय 30,000 से 50,000 तक हो रही है। महिलाएं पहले बेरोजगार थीं और आत्मविश्वास की कमी थी।

योजना के तहत उन्हें न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता भी प्राप्त हुई। दल्लीराजहरा की समूह के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की ज़रूरतें स्वयं पूरी करने में सक्षम हो गईं। योजना का सतत मार्गदर्शन और समर्थन नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा प्रदान किया गया। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025,
11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025,
25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025,
25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025,
06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025,
20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।



संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport